भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1776
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इको पार्क से अर्जित राजस्व

†1776. श्री पी.सी. मोहनः

श्री लल्लू सिंह:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विकसित किए गए इको-पार्कों की राज्य-वार संख्या कितनी है:

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन इको पार्कों के माध्यम से वर्ष-बार कितना राजस्व प्राप्त हुआ है;

(ग) क्या वर्तमान में बेंगलुरु सहित कर्नाटक के विभिन्न जिलों और लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलो में इको पार्क बनाने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय की देश में इको-पार्क विकसित करने की कोई योजना नहीं है। तथापि, इको-पार्कों की स्थापना और विकास संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) अपनी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से वनों और जैव विविधता के संरक्षण और परिरक्षण के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में देश में चिह्नित थीमैटिक परिपथों के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'स्वदेश दर्शन' योजना शुरू की और इको-परिपथ थीम के अंतर्गत 6 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है, जिसका विवरण अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

इको पार्क से अर्जित राजस्व के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1776 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना की चिन्हित ईको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु में)

क्र सं.	राज्य का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि*
1.	उत्तराखंड	(2015-16)	टिहरी झील के आसपास टिहरी-चंबा-सरायन में परिपथ का विकास।	69.17	69.17
2.	तेलंगाना	(2015-16)	महबूबनगर जिलों में परिपथ का विकास (सोमासिला, सिंगोतम, कदलाईवनम, अक्कमहादेवी, एगलानपंटा, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलथीर्थम)	91.62	91.25
3.	केरल	(2015-16)	पथानामथिट्टा- गावी- वागामोन- थेक्कडी का विकास।	64.08	64.08
4.	मिजोरम	(2016-17)	आइजोल - रॉपुईछिप - खावहपहवप - लेंगपुई - चटलांग - साकावरमुइतुइतलांग - मुथी - बेरातलवंग - तुरियल एयरफील्ड - हुमुईफांग में ईको एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53
5.	मध्य प्रदेश	(2017-18)	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76	89.07
6.	झारखंड	(2018-19)	ईको पर्यटन परिपथ का विकास: दलमा-बेतला राष्ट्रीय उद्यान-मिरचैया-नेतरहाट	30.11	26.37

* इसमें नई वितीय प्रक्रिया के अनुसार केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) को जारी की गई राशि शामिल है।

****